हिन्दी दैनिक
RNI- BIHHIN/2012/43368
# नव शक्ति
www.navshaktinews.in
navshakti newspaper patna
वर्ष : 13, अंक : 129 | पटना, मंगलवार, 25 जून, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# नैतिक और राजनीतिक हार के बाद भी अहंकार कायम है: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को लोकसभा सत्र से पहले मीडिया को अपने संबोधन में आपातकाल का जिक्र करने लेकिन एनईईटी 'पेपर लीक' मामले, मणिपुर हिंसा या पश्चिम बंगाल ट्रेन दुर्घटना पर नहीं बोलने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। खड़गे ने पीएम पर प्रथागत शब्दों का अत्यधिक उपयोग करने का आरोप लगाया, जबकि देश प्रासंगिक मुद्दों पर उनकी टिप्पणियों का इंतजार कर रहा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में बहुमत हासिल करने में भाजपा की विफलता का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी नैतिक और राजनीतिक हार के बावजूद अहंकार बना हुआ है।

अपने एक्स पोस्ट में खड़गे ने लिखा कि पीएम मोदी ने आज सामान्य से अधिक लंबा संबोधन किया। जाहिर है, नैतिक और राजनीतिक हार के बाद भी अहंकार कायम है! देश को उम्मीद थी कि मोदी जी कई अहम मुद्दों पर कुछ बोलेंगे। उन्होंने कहा कि नीट और अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक को लेकर वह युवाओं के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएंगे, लेकिन उन्होंने अपनी सरकार में हुई भारी धांधली और भ्रष्टाचार के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं ली।

मोदी जी पश्चिम बंगाल में

## नीट, मणिपुर हिंसा, पश्चिम बंगाल ट्रेन दुर्घटना को लेकर मोदी पर बरसे खड़गे

हाल ही में हुई ट्रेन दुर्घटना और रेलवे के घोर कुप्रबंधन पर भी चुप रहे। मणिपुर पिछले 13 महीनों से हिंसा की चपेट में है, लेकिन मोदी जी ने न तो राज्य का दौरा करने की जहमत उठाई और न ही आज अपने भाषण में ताजा हिंसा पर कोई चिंता व्यक्त की?

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि असम और पूर्वोत्तर में बाढ़ हो, कमरतोड़ महंगाई हो, रुपये की ऐतिहासिक गिरावट हो, या एग्जिट पोल-स्टॉक मार्केट घोटाला हो, मोदी जी मौन हैं। मोदी सरकार ने अगली जनगणना को काफी समय तक लटकाए



रखा, जातीय जनगणना पर भी पीएम मोदी पूरी तरह चुप रहे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी, आप विपक्ष को सलाह दे रहे हैं। आप हमें 50 साल पुराने आपातकाल की याद दिला रहे हैं, लेकिन पिछले 10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए हैं, जिसे लोगों ने खत्म कर दिया था।

उन्होंने कहा कि जनता ने मोदी जी के खिलाफ अपना जनादेश दिया है। इसके बावजूद अगर वह प्रधानमंत्री बन गये हैं तो उन्हें काम करना चाहिए। लोगों को नारों की नहीं, सार की जरूरत है - इसे आप स्वयं याद रखें।

उन्होंने कहा कि विपक्ष और भारत जनबंधन संसद में आम सहमति चाहते हैं, हम जनता की आवाज सदन में, सड़क पर और सबके सामने उठाते रहेंगे। हम संविधान की रक्षा करेंगे! भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद!

## संपादकीय

### समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा?

**जे पी चौधरी**



विभिन्न मंचों से लगातार आवाज उठती रही है। वहीं दुनिया के कई संगठन चुनिंदा आंकड़ों के जरिये पूरी दुनिया में लैंगिक स्थिति मापने का दावा भी करते रहे हैं। यह भी तथ्य है कि सदियों तक औपनिवेशिक शासन के अधीन रहने वाले विकासशील देश विकसित देशों की महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति का मुकाबला नहीं कर सकते। फिर दुनिया के सबसे बड़ी आबादी वाले एक देश की तुलना छोटे देश आइसलैंड से कदापि नहीं की जा सकती। इसके बावजूद विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़े नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका जरूर देते हैं। समाज के लिये भी यह विचारणीय प्रश्न है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है। निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर संकट वास्तविक है। जो हमारी विकास योजनाओं और नीतियों के व्यापक मूल्यांकन की आवश्यकता बता रही है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है। हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं। जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे। हालांकि, किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। लेकिन विश्व आर्थिक मंच के आंकड़े हमें आत्ममंथन का अवसर जरूर उपलब्ध कराते हैं। लेकिन इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं। हमें यह सोचना होगा कि पिछले बार जहां हम विश्व आर्थिक मंच की सूची में 127वें स्थान पर थे, तो इस बार दो स्थान फिसलकर 129वें स्थान पर कैसे पहुंच गए। वहीं महिला/पुरुष राष्ट्राध्यक्षों की समानता के मामले में हम आज दसवें स्थान पर हैं।

# अरविंद केजरीवाल को मिलेगी बेल या अभी रहेंगे जेल? ईडी की याचिका पर मंगलवार को आएगा फैसला

**नई दिल्ली।** कथित उत्पाद शुल्क घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने की प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय मंगलवार को अपना फैसला सुनाएगा। आदेश दोपहर 2:30 बजे सुनाया जाना तय है। आप के राष्ट्रीय संयोजक, जिन्हें 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था, शुक्रवार को तिहाड़ जेल से रिहा हो सकते थे यदि उच्च न्यायालय ने केंद्रीय मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी को



अंतरिम राहत नहीं दी होती। एजेंसी द्वारा ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने के बाद न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाश पीठ ने 21 जून को आदेश सुरक्षित रख लिया था और फैसला आने तक इसे स्थगित कर दिया था। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाश पीठ ने कहा, इस आदेश की घोषणा तक, विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक रहेगी। ट्रायल कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी और उन्हें 1 लाख रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया, और कुछ शर्तें लगाईं, जिसमें यह भी शामिल था कि वह जांच में बाधा डालने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।

ईडी ने तर्क दिया है कि ट्रायल कोर्ट का आदेश विकृत, एकतरफा, और गलत-पक्षीय था, यह दावा करते हुए कि निष्कर्ष अप्रासंगिक तथ्यों पर आधारित थे। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर दिल्ली हाई कोर्ट की रोक को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 26 जून तक के लिए टाल दी है।

# विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं : चिराग पासवान


**पटना।** केंद्रीय मंत्री सह लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने संसद भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संविधान के आधार पर देश चलेगा ये बात मेरे प्रधानमंत्री ने एक बार नहीं अनेको बार कहा। बार-बार संविधान के सामने अपना माथा टेकर उन्होंने संविधान की शपथ खाने का काम किए हैं और ये आज से नहीं कर रहे हैं, पिछले 25 सालों से कर रहे हैं, जब से वो गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्हीं के नेतृत्व में यह सरकार चल रही है। आज तक कोई एक ऐसा उल्लंघन बता दीजिए जो संविधान का हुआ हो, जिसकी



वजह से यह लोग इस तरीके का भ्रम फैलाने का कार्य करते हैं। हकीकत है विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, लोगों को सिर्फ डरा कर ही ये उनका मत हासिल करते हैं और यही प्रयास इस बार उन लोगों ने इस चुनाव में किया। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

# संविधान को कोई खतरा नहीं, विपक्ष सरकार पर अपनी मनमानी थोपने पर उतारू : जीतन राम मांझी

**नई दिल्ली (संवाददाता)।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम माँझी ने कहा कि देश में संविधान को कोई खतरा नहीं है, लेकिन विपक्ष हर बात पर संविधान खतरे में होने का शोर मचाने लगा है। ये थेथरोलॉजी को राजनीतिक फैशन बनाने पर तुले गए हैं। मध्यम एवं सूक्ष्म उद्योग ( एमएसएमई) मंत्री श्री मांझी ने कहा कि देश में चुनाव आयोग, संसद और सर्वोच्च न्यायालय जैसी सभी संवैधानिक संस्थाएँ जब स्वतंत्र ढंग से काम कर रही हैं, तब वे बताएँ कि संविधान कैसे खतरे में है? उन्होंने कहा पेपर लीक मामले में सरकार ने बहुत कड़े दंड प्रावधान वाला लोक परीक्षा कानून लागू किया और सीबीआई मामले की जाँ च कर रही है। सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई कर रहा




है। सभी संवैधानिक संस्थाएँ अपनी मयार्दा में काम कर रही हैं। फिर संसद और इसके बाहर संविधान की प्रति लेकर हंगामा करने का क्या औचित्य है? श्री मांझी ने कहा कि शासन करने का जनादेश एनडीए को मिला है। सरकार संविधान के अनुसार ही चल रही है, लेकिन जो काम विपक्ष की मर्जी के विपरीत होता है, उसे वे संविधान विरोधी बताने लगते हैं। विपक्ष के इस रवैये से लोकतंत्र कलंकित हो रहा है।

# 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का आगाज, शपथ ग्रहण के दौरान दिखी भाषाई विविधता की झलक

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित निचले सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के साथ शुरू हुआ। इससे पहले दिन में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाजपा विधायक भर्तृहरि महताब को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलाई। 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का भी चुनाव किया जाएगा, इसके बाद अगले दिन 27 जून को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति मुर्मू का संबोधन होगा। सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा।

सत्र में विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक द्वारा कई मुद्दों पर एनडीए सरकार पर निशाना साधने की



उम्मीद है, जिसमें बढ़ती कीमतें, खाद्य मुद्रास्फीति, अभूतपूर्व गर्मी के कारण मौतें और एनईईटी यूजी, एनईईटी पीजी, यूजीसी नेट सहित परीक्षा प्रशासन में हालिया अनियमितताएं शामिल हैं। यह आम चुनावों के बाद 18वीं लोकसभा का पहला सत्र है, जिसमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 293 सीटें हासिल कीं, इंडिया ब्लॉक ने 234 सीटें हासिल कीं और कांग्रेस पार्टी ने उनमें से 99 सीटें हासिल कीं।लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को जब शपथ ली तो भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में सत्य और निष्ठा का प्रतिज्ञान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन सबसे पहले सदन के सदस्य के तौर पर शपथ ली और उन्होंने हिंदी में शपथ ली। उनके शपथ लेने के बाद सत्तापक्ष से कई सदस्यों ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए। हिंदी में शपथ लेने वालों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर शामिल थे। ओडिशा के संबलपुर से सांसद और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उड़िया में शपथ ली। जब वह शपथ लेने के लिए उठे तो विपक्षी सदस्यों ने नीट-नीट के नारे लगाए। नागर विमानन मंत्री तथा तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सदस्य राममोहन नायडू और भाजपा सांसद एवं कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने तेलुगू में, जनता दल सेक्यूलर नेता और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में, जुएल ओरांव ने उड़िया में, सी आर पाटिल ने गुजराती में और सवार्नंद सोनोवाल ने असमिया में शपथ ग्रहण की।

# खनन गतिविधियों को रोजगार और विकास का उभरता हुआ क्षेत्र बनाना हमारा लक्ष्य : विजय कुमार सिन्हा

**पटना (संवाददाता)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि निजी कार्यों के लिए गैरसरकारी जमीनों की मिट्टी के उपयोग पर अब कोई रोक नहीं होगी। जबकि व्यावसायिक अथवा कार्य विभाग द्वारा उपयोग के लिए नियमानुसार लाइसेंस लेना होगा। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि हमारे संज्ञान में आया था कि कई स्थानों पर निजी उपयोग के लिए मिट्टी का उपयोग करने वाले लोगों को स्थानीय प्रशासन या विभाग से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा नियमों का हवाला देकर रोका गया है। साथ ही कई स्थानों से इस बहाने वित्तीय कदाचार की खबरें भी मिल रही थीं। लिहाजा हमने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट रूप से निदेशित किया है कि नियमों का हवाला देकर आमजन को होने वाली निरर्थक परेशानी और स्थानीय थानों या संबंधित अधिकारियों द्वारा होने वाले आर्थिक कदाचार पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

श्री सिन्हा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति व्यावसायिक उपयोग के लिए अथवा ठेके आदि से जुड़े कार्यों के निमित्त मिट्टी का इस्तेमाल करना चाहता है तो उसे इसके लिए नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त करना होगा। इससे मिट्टी जैसे अनवीकरणीय प्राकृतिक संसाधन के साथ जनता के पैसों का युक्तिगत उपयोग भी हो सकेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि खान एवं भूतत्व विभाग की कार्यप्रणाली को पूरी तरह स्पष्ट और पारदर्शी बनाया जाए। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने के साथ-साथ आम लोगों को बेवजह की कठिनाइयों से भी मुक्ति मिलेगी। साथ ही हम खनन गतिविधियों से जुड़े उद्यम को रोजगार और विकास का एक उभरता हुआ क्षेत्र बनाने में भी जुटे हैं। ताकि मेहनत और ईमानदारी से काम करने वाले ज्यादा से ज्यादा युवा उद्यमी खनन उद्योग से जुड़ सकें।

## 50 साल पहले लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस अपने पाप को छुपाने के लिए 'झूठा नैरेटिव' गढ़ रही है : सम्राट चौधरी

**पटना, (संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि एक बार फिर से कांग्रेस समेत विपक्ष के द्वारा ह्यसंविधान बदलनेह्न वाले झूठ के जरिए अपने 'पापों' को छुपाने की कोशिश की जा रही है। 25 जून, 1975 को संविधान की हत्या कर लोकतंत्र की गला घोंटने वालों का संविधान की दुहाई देना हास्यास्पद है। श्री चौधरी ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि 50 साल पहले 25 जून को कांग्रेस द्वारा देश के संविधान की धज्जियां उड़ाई गई थीं। देश को जेलखाना बना दिया गया और लोकतंत्र को पूरी तरह से कुचल दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज अपने संविधान की रक्षा करते हुए, भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी इस बात का संकल्प लें कि जो 50 साल पहले किया गया, कांग्रेस फिर करने की हिम्मत नहीं करे। कांग्रेस की फितरत में ही तानाशाही है। देश की जनता को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि 25 जून 1975 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए देश में आपातकाल लगा दिया था।



अवधेश नारायण सिंह, सभापति, बिहार विधान परिषद् अपना पदभार ग्रहण करने के बाद राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से शिष्टाचार मुलाकात की।

# मतदान सारथी के रूप में कार्य करने वाले स्काउट-गाइड के कैडेट को किया गया सम्मानित

**जहानाबाद**। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर जहानाबाद में लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता एवं मतदान सारथी के रूप में कार्य करने वाले स्काउट- गाइड, नेहरू युवा केंद्र के कैडेट को सम्मानित किया गया। जिसका उद्घाटन श्रीमती माला कुमारी सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, प्रोफेसर कृष्ण मुरारी जिला मुख्य आयुक्त तथा शकील अहमद काकवि ₹उपाध्यक्ष₹ बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड ने संयुक्त रूप से किया। जबकि सहायक निदेशक ने स्काउट- गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं, जिसको स्काउट- गाइड प्रशिक्षण से कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित बनाया जाता है, जो भविष्य में देश के लिए एक सुयोग्य नागरिक तैयार होते हैं, जिसका लाभ समाज, प्रशासन एवं देश को मिलता है, क्योंकि सभी प्रशिक्षित बच्चे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन तत्परता से करते हैं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त प्रोफेसर कृष्ण मुरारी उर्फ कुमार त्रिपुरारी शर्मा ने करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड के कैडेट शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ जिला प्रशासन को भी समय-समय पर सहयोग करते रहते हैं, जैसे मतदाता जागरूकता, श्रावणी मेला, सूफी महोत्सव, विजयादशमी, जिला स्तरीय खेलकूद के साथ अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में सहयोग करते हैं।




जबकी जिला मुख्य आयुक्त के नेतृत्व में सहायक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) शुभम कुमार एवं सहायक जिला संगठन आयुक्त (गाइड) वैष्णवी केसरी के द्वारा कार्यालय नवनिर्माण हेतु सहायक निदेशक महोदय को आग्रह पत्र दिया, जिस पर सहायक निदेशक ने कहा कि हर संभव सहयोग इसके लिए हम करेंगे एवं जिला पदाधिकारी महोदय को इस बात से अवगत कराएंगे। सम्मान समारोह का संचालन हरिशंकर कुमार चाइल्ड एजुकेटर बाल संरक्षण इकाई ने किया, सम्मान समारोह में अंशिका, तनु, तनी, आर्यन, राजीव, मुस्कान, सुषमा, अनीशा, गौतम, राहुल कुमार की भूमिका सराहनीय रहा, धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष शकील अहमद काकवि ने किए, राष्ट्रगान के बाद सम्मान समारोह समाप्त हुआ।

# विधायक ने जनता दरबार लगा जनता की समस्याओं को सुना, निदान हेतु अधिकारियों को दिया निर्देश



**इस्लामपुर (नालंदा) (नवशक्ति)**। इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश कुमार रौशन ने इस्लामपुर प्रखंड के आरजेडी कार्यालय में जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में विभिन्न जगहों से आए हुए स्थानीय जनता ने अपनी समस्याएं बारी बारी से विधायक को अवगत कराया ।

नगर परिषद समेत इस्लामपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के जनता ने अपनी समस्या को मुख्य रूप से पेय जल और किसानों को बिजली के समस्या का मुद्दा छाया रहा। साथ ही साथ ग्राम पनहर के शांति देवी को करीब दो साल से उनको मृत घोषित कर वृद्धा पेंशन बंद कर दिया गया,और साथ में जमीन का रसीद न कटने, जमीन का मोटेशन न होने और नाली गली की समस्या को लेकर आये। और साथ मे और कई अन्य समस्याओं से स्थानीय विधायक को अवगत कराया।

विधायक ने तुरंत करवाई करते हुए दूरभाष के माध्यम से विभिन्न पदाधिकारियों को विभिन्न समस्याओं से अवगत करा कर तुरंत समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल उर्फ बरबाद सिंह , , नगर अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, सतेंद्र यादव मिथिलेश यादव रामबचन यादव , अमित यादव , समेत राजद के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# बालू माफियों ने थानाध्यक्ष व पुलिस बल पर किया हमला, एक ट्रैक्टर व दो मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी गिरफ्तार



**कतरीसराय (नालंदा) (नवशक्ति)**। सकरी नदी में बालू माफिया पर लगाम लगाने गए पुलिस बल व थानाध्यक्ष पर किया हमला । एक ट्रैक्टर व दो मोटरसाइकिल को जप्त किया गया एवं एक आरोपी को गिरफतार किया गया तथा दो फरार हो गया ।

इस संबंध में थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि सुचना मिली थी कि कटौना चन्डी स्थान के समीप सकरी नदी से कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से बालू टैक्टर में लोड किया जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष व प्रशिक्षु एसआई आदित्य कुमार स्थल पर पहुंचे। बालु उठाव कर रहे लोगों को जब गिरफ्तार करने लगे तो एक ट्रैक्टर को धक्का मुक्की कर के लेकर भाग गया, जिस में चोट भी लगा है ।वहीं प्रशिक्षु एसआई के साथ पटका पटकी कर के दो लोग भाग गए ।

स्थानीय थाना में ट्रैक्टर मालिक व चालक पर तथा ऋषि कुमार पिता प्रमोद सिंह, मनीष कुमार व अविनाश कुमार पिता विजय सिंह पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है, जबकि ऋषि कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

उस पर बरबीघा थाना में धोखाधड़ी का प्राथमिकी दर्ज है। वहीं स्थानीय थाना में भी पूर्व में बालू चोरी के केस में जेल भेजा गया है।

# अपने पूर्व अध्यक्ष के निधन से शोकग्रस्त जिले के वकीलों ने नहीं किया न्यायिक कार्य

**जहानाबाद**। विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरीय अधिवक्ता रामाश्रय शर्मा के आकस्मिक निधन से मर्माहत जिले के सभी अधिवक्ताओं नेआज कोई न्यायिक कार्य नहीं किया और सुबह करीब साढ़े आठ बजे जिला विधिज्ञ संघ के पुस्तकालय कक्ष में सभी अधिवक्ताओं ने संघ के अध्यक्ष गिरिजानन्दन प्रसाद की अध्यक्षता में एक शोकसभा का आयोजन करके दो मिनट का मौन रखकर स्व.शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

तत्पश्चात सभी अधिवक्ताओं ने स्वयं को न्यायिक कार्य से अलग कर लिया, जिसके कारण न्यायालय में कोई भी न्यायिक कार्य, जमानत याचिका की सुनवाई आदि नहीं हो सका और कोर्ट परिसर में वीरानी छायी रही।इसके बाद करीब 12:30 बजे दिन में माननीय जिला जज ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में जिला जज के इजलास में भी एक शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी न्यायाधीश एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे। उनके द्वारा भी दो मिनट का मौन रखकर स्व. शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए संघ के सचिव अवधेश कुमार ने बताया कि स्वर्गीय रामाश्रय शर्मा दो बार में कुल चार वर्षों के लिए जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष चुने गये थे, वे अपने पीछे एक पुत्र और दो विवाहित पुत्री को छोड़कर स्वर्गवास किये हैं। वे करीब अस्सी वर्ष के थे और दो माह से बीमार थे।

उनका पैतृक घर घोसी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गोबिन्दपुर ग्राम में था और वे जहानाबाद शहरी क्षेत्र में होरिलगंज मुहल्ला स्थित अपने घर में अपने परे परिवार के साथ रहते थे। वे काफी मृदुभाषी थे और वरीय अधिवक्ता के रूप में वे जूनियर्स को काफी सहयोग देते थे और प्रोत्साहित करते थे।उन्होंने कहा कि उनके निधन से जिला विधिज्ञ संघ को अपूरणीय क्षति हुई है। शोकसभा में संघ के अध्यक्ष गिरिजानन्दन प्रसाद, उपाध्यक्ष रामविन्दु सिन्हा, कामेश्वर प्रसाद, सुरेन्द्र केवट, सचिव अवधेश कुमार, वरीय अधिवक्ता रामनरेश शर्मा, रामदयाल शर्मा, श्यामदेव यादव, लक्ष्मी गुप्ता, अनील कुमार, जनक कुमार, अरूण कुमार, विन्दु भूषण प्रसाद, रितेश, सौरभ कुमार, गौरव कुमार, नीरजकुमार,संजय कुमार, बेंकटेश कुमार, शिवम कुमार, प्रमोद कुमार, विकास कुमार, जयनारायण कुमार, धनंजय कुमार,अरविन्द कुमार, भुषण कुमार, अमरेन्द्र, धिरेन्द्र,कुमार गिरेन्द्र, राकेश कुमार, राधाकृष्ण राकेश, मनोरमा सिंह, गुंजन सिंह, साधना शर्मा, सईद अख्तर, सुधीर कुमार, शारदानंद कुमार, अजीत कुमार, दीलीप कुमार, रविशरंजन तिवारी, धुरी बाबु,संजय कुमार, अखिलेश कुमार, रंजन कुमार समेत सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे।

# बी फार्मा की छात्रा ने बिखेरें जलवा, बी फार्मा की मिस फ्रेशर बनी पल्लवी, मिस्टर फ्रेशर बने प्रिय रंजन




**हिलसा (नालंदा) (नवशक्ति)**। सोमवार को गौतम इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी सैदबहरी में फ्रेशर एंड वेलकम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत का गुटखा छोड़ो आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार मानवनें दीप प्रज्वलित कर एवं छात्राओं ने मां सरस्वती वंदन गीत गा कर शुरूआत किया गया। डॉ आशुतोष कुमार मानव ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही एक ऐसे हैं जो अगर समय रहते सही और गलत का फर्क समझ ले तो उनका जीवन आसान हो जाता है। गुटखा,खैनी, बीड़ी, सिगरेट के सेवन न करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। वक्ताओं ने फामेर्सी से संबंधित विभिन्न रोजगार के बारे में बताया, ताकि फामेर्सी के प्रति रुझान उनका बढ़ाया जा सके। फ्रेशर एवं वेलकम कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने गीत संगीत नृत्य के माध्यम से अपने प्रतिभा का परिचय दिया ।इस दौरान कार्यक्रम में चयनित प्रतिभागियों में बेहतर करने वाले वीफार्मा मिस फ्रेशर पल्लवी कुमारी ,मिस्टर फ्रेशर प्रिय रंजन कुमार को बनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य गुंजन राज, उप प्राचार्य कुमार विक्रम, अरविंद कुमार, शिखा ,तुर्की, प्रवीण कुमार, शैलेश कुमार, नंदा अंजार, रोहित कुमार, रमाशंकर के अलावे बी फार्मा के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।


## संक्षिप्त खबर

### जलजमाव की समस्या को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में बैठक



**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)**। स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी(ईओ) शम्स रजा ने जनप्रतिनिधियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक शोरगुल रहा ।कई जनप्रतिनिधियों ने ईओ पर मनमानी का आरोप लगाया। ईओ बोले हमें पता है नाले का गंदा पानी घर में घुसता है। इस बार थोड़ा पहले बैठक पर बैठक किया जा रहा है। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने नपं के वार्ड संख्या 3,4,6,7, 8,11,12,15,16 आदि में जलजमाव के निदान को लेकर अपनी समस्या रखा। ईओ ने कहा सभी समस्या को नोट कर लिया गया है। जल-जमाव से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेगा। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह, शिशुपाल कुमार, उपेंद्र ठाकुर, राकेश कुमार रंजन, अनंत कुमार, सुरज कुमार, रोहित कुमार, राजु कुमार, मिथिलेश, रंजीत समेत अन्य मौजूद थे।

### संकुल स्तरीय संघ के मजबूतीकरण हेतु समिति की बैठक



**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)**। स्थानीय बाजार में स्थित जीविका कार्यालय में चांद,तारा व नारी जीविका महिला संकुल स्तरीय संघों के समिति की बैठक में बीपीएम मो. आफताब आलम, प्रखंड मेंटर प्रियंका कुमारी व जिला संस्था निर्माण और क्षमता वर्धन प्रबंधक राम पुकार ने संकुल स्तरीय संघों की मजबूतीकरण के सभी अवयवों पर बात चीत किया। निर्देशित किया गया के ज्यादा से ज्यादा समय संगठन के बैठक एवम लेखा जोखा पर रखा जाय साथ ही सीएफ को निर्देश दिया गया कि सभी ग्राम संगठन के ग्रेडिंग में आवश्यक करवाई करके सुधार करे एवम वापसी नियोजन के अनुसार वापसी करवाए।

### रस्साकशी में एनसीसी कैडेट्स ने दिखाया दमखम



**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)**। 38 बटालियन बिहारशरीफ द्वारा आयोजित स्थानीय जीडीएम कॉलेज में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण के पांचवें दिन विभिन्न प्रकार के अभ्यास करवाए गए। इस कैंप के कमांकेंट ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी ने बताया कि पांचवें दिन एनसीसी कैडेट्स ने पीटी , फायरिंग , डब्लूटी , डॉ लेक्चर , एएनओ लेक्चर कल्चरल प्रोग्राम व रस्साकशी कॉम्पीटिशन हुआ।

# नीट पेपर लीक मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा: ललन कुमार सर्राफ

**पटना संवाददाता**। बिहार जद(यू0) के प्रदेश विधान परिषद ललन कुमार सर्राफ सोमवार को बयान जारी कर कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबियों की संगीन संलिप्तता हैरान करने वाली है। अपराधियों और जालसाजों के साथ सांठगांठ राजद की कार्य संस्कृति का हिस्सा रहा है। अब तेजस्वी प्रसाद यादव भी अपने शागिर्दों के माध्यम से उसी राजनीतिक परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरे मामले पर सरकार संवेनशील है। राज्य की आर्थिक अपराध इकाई ने कई अहम सबूत इकट्ठा किये हैं। आगे की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। नीट की परीक्षा में अराजकता फैलाने वालों के साथ सरकार पूरी कठोरता से निपटेगी ताकि दुबारा ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति नहीं हो। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा चाहे कोई कितना भी बड़ा राजनीतिक रशुखदार क्यों नहीं हो। छात्रों के हितों की चिंता और सुरक्षा हमारी सरकार के लिए बेहद गंभीर विषय है।

साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने राजद के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि श्रीमती ममता देवी का हमारी पार्टी से कोई जुड़ाव नहीं है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सूबे के मुखिया हैं और मुख्यमंत्री आवास बिहार की जनता के लिए आठों पहर खुला रहता है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति मा0 मुख्यमंत्री के साथ अपनी तस्वीर लेने के लिए स्वंतत्र है। तस्वीरों का हवाला देकर जद(यू0) पर सवाल खड़े करना कहीं न कहीं ओछी राजनीति का प्रमाण है और राजद इससे अपने कुकर्मों पर पर्दा डालना चाहती है।

# वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस राष्ट्रभक्तों के लिए प्रेरणा का श्रोत : उपेन्द्र कुशवाहा

**पटना (संवाददाता)**। वीरांगना महारानी दुर्गावती हमारे देश की वो वीरांगना हैं, जिन्होंने अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए राष्ट्र द्रोहियों से युद्ध कर वीरगति को प्राप्त हो गईं गढ़मंडला की वीर तेजस्वी रानी दुर्गावती की शहादत को हिंदुस्तान की जनता कभी भुला नहीं सकती उनका बलिदान राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा का श्रोत है उक्त बातें राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार के पूर्व मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने आज पार्टी कार्यालय में आयोजित वीरांगना महारानी दुर्गावती की शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने महारानी दुर्गावती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक मोर्चा अनुसूचित जनजाति के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संतोष गोंड ने की



उक्त आशय की जानकारी देते हुए पार्टी प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने बताया की इस श्रद्धांजलि समारोह में पार्टी के प्रभारी बिहार प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, अंगद कुशवाहा,चौधरी बसंत पटेल, मोहन यादव, ई० अजय कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक राम, ई० हेमन्त कुमार, पटना महानगर अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, अनिश कुशवाहा डब्लू, माधुरी पटेल, गंगा पाण्डेय, मुन्ना चौधरी, उमेश कुशवाहा उपस्थित थे।

# महादलित बाहुल्य गांव के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पानी के लिए पानी पानी हो रहे हैं



**कतरीसराय (नालंदा) (नवशक्ति)**। प्रखंड क्षेत्र के मैरा बरीठ पंचायत के रसलपुर गांव में लोग पानी के लिए पानी पानी हो रहे हैं। बताया जाता है कि पिछले चार महीने से महादलित बाहुल्य गांव पानी कि किल्लत झेल रहा, जिससे ग्रामीण जनता काफी परेशान है। पानी का दंश झेल रहे स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की प्रचंड गर्मी के बीच इस महादलित गांव रसलपुर में पानी के लिए दर दर भटकना पड़ता है ।कभी खेतो में लगे ट्यूबवेल तो कभी पड़ोसी से पानी मांगकर रोज का दिनचर्या का काम पूरा होता है। ग्रामीणों ने बताया की पीएचईडी के द्वारा इस रसलपुर गांव में बोरिंग किया गया था ,लेकिन उसमे तकनीकी कारण से पिछले बीस दिनों से यह बोरिंग काम नहीं कर रहा है ।पानी की किल्लत से आम जनता पिछले चार महीनों से रसलपुर गांव के सैकड़ो महादलित पानी के लिए तरस रहे है। वही इस संबंध में पंचायत की स्थानीय मुखिया नीतू कुमारी ने मामले की गंभीरता से लेते हुए पीएचईडी को तुरंत खराब पड़े मोटर ठीक करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया की पानी की किल्लत का मामले उनके संज्ञान में है ,पीएचईडी की लापरवाही के कारण लोगो को पानी की किल्लत हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया है की जल्दी ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा और ग्रामीणों की पानी की किल्लत भी दूर होगा।

# एमओ ने डीलरों के साथ की बैठक, कहा,30 जून तक ई-केवाईसी जरूरी



**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)**। स्थानीय प्रखंड परिसर के सभागार भवन में सोमवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रिया आनंद ने प्रखंड के सभी पीडीएस के दुकानदारों के साथ बैठक की।

इस बीच वितरण से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। खाद्यान्न का समय से उठाव एवं वितरण, खाद्यान्न की गुणवत्ता सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई। साथ ही राशन कार्ड में वर्णित सभी लाभुकों के ई. केवाईसी कराने के निर्देश दिए। कहा शत प्रतिशत लाभुकों का ई. केवाईसी निर्धारित समय सीमा(30 जून) के अंदर कर लेना है। जिन लाभुकों का ई. केवाईसी नहीं होगा, उनका राशन कार्ड से नाम कट जाएगा और वे खाद्यान्न से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने सभी दुकानदारों को समय पर निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिए। कहा लाभुकों के तरफ से इस संबंध में कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा प्रखंड में एक लाख 44 हजार 432 उपभोक्ता हैं। जिसमें मात्र 24 प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी हुआ है। मौके पर सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार , संजीव कुमार , अवधेश कुमार , अजय कुमार , रौशन कुमार, राकेश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# डब्लूएचओ के वरीय पदाधिकारी ने पीएचसी में दिया प्रशिक्षण



**हरनौत (नालंदा) (नवशक्ति)**। जिले के डबल्यूएचओ के एसएमओ डॉ कुमुंद रंजन ने स्थानीय पीएससी परिसर के मीटिंग हॉल में सीएचओ व एएनएम को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया।

केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि यह प्रशिक्षण नियमित टीकाकरण के तहत जीरो डोज इंप्लीकेशन प्लान ( जेडआईपी) के क्रियान्वयन हेतु दिया गया। उनको प्रशिक्षुओं को फॉरमैट देखकर बताया गया कि किस तरह सर्वे करना है ।इसकी विस्तृत जानकारी दी गई ।मौके पर कल्याण बिगहा रेफरल अस्पताल के चिकित्सक डॉ राकेश रंजन , स्वास्थ्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मुरारी , डब्लूएचओ के ब्लॉक मॉनिटर राजीव कुमार , बीसीएम पंकज कुमार , मुकेश कुमार समेत अन्य मौजूद थे। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कुल 83 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करना है जिसमें 44 को प्रशिक्षण दिया गया ।बाकी को एक जुलाई को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हुई गोपालगंज ट्रैफिक पुलिस

## नियम का उल्लंघन करने पर स्वत: कटेगा चालान



**संवाददाता नगर गोपालगंज अनिकेत मिश्रा।** गोपालगंज पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने गोपालगंज के यातायात पुलिस को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में आज एक अहम कड़ी जोड़ दिया।दरअसल बिहार सरकार से ट्रैफिक पुलिस को तीन अत्यधुनिक वाहन मिले हैं जिसको हरी झंडी दिखाकर आज रवाना कर दिया गया। इनमें कई खास तरह के उपकरण लगे हुए हैं जो ट्रैफिक पुलिस को स्मार्ट बनाने की दिशा में काम करेंगे। इनमें सर्वाधिक तकनीक से लैस हाईवे पेट्रोलिंग वैन है जो पूर्णता कंप्यूटराइज्ड वाहन है और इसके कंप्यूटर को चलाने के लिए सोलर पैनल इसकी छत पर लगा हुआ है। इसमें दुर्घटना के दौरान कई तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए उपकरण लगे हुए हैं जैसे इसमें गैस कटर, प्राथमिक उपचार की सुविधा तथा वाहन जांच करने के लिए बैरिकेडिंग उपकरण और अत्याधुनिक कैमरा तथा किसी दुर्घटनाग्रस्त वाहन को टोचन करने के लिए आवश्यक उपकरण, घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के लिए उपकरण तथा हाईवे पर ओवर लिमिट क्रॉस करके वाहन चलाने वालों को ऑटोमेटिक चालान भेजने की मशीन जो रडार के माध्यम से काम करेगी इसके साथ और भी कई तरह के उपकरण इसमें लगे हुए हैं जो ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों को पकड़ने में सहायता करेंगे। इसके अलावा दो और बड़े वाहन भी आज सेवा में लगा दिए गए जिस में आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी किसी आपात स्थिति में बैठकर जा सकते हैं और अगर कोई बड़ा हादसा होता है तो उसमें घायल कई लोगों को एक साथ उसमें बिठाकर अस्पताल पहुंचाया जा सकता है यानी कुल मिलाकर ट्रैफिक पुलिस की जो जरूरत सरकार को महसूस हुई उनको ध्यान में रखते हुए इन वाहन को तैयार किया गया है और अब गोपालगंज में ट्रैफिक पुलिस इन वाहनों का उपयोग करेगी। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी शैलेश मिश्रा ने गोपालगंज के लोगों से अपील किया कि सभी लोग ट्रैफिक नियम का पालन करते हुए सड़क पर गाड़ी चलाएं क्योंकि सारे नियम लोगों की जान की सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं इसलिए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग जुमार्ना से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी जान की सुरक्षा के लिए करें।

# अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ट्रक से टकराई पांच महिलाएं हुई घायल, एक की कटी हाथ



**संवाददाता नगर गोपालगंज अनिकेत मिश्रा।** गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र के बंजारी मोड़ के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में अनियंत्रित ऑटो ने जोरदार ठोकर मार दिया। धक्का लगते ही ऑटो में सवार करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए जिसमे एक महिला की हाथ धड़ से अलग हो गई।वही सभी जख्मियो को तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां डॉक्टर ने तीन महिलाओं की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल से गोरखपुर रेफर कर दिया। दरअसल घटना के संदर्भ में बताया जाता है की कुचायकोट थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के निवासी करीब सात लोग ऑटो रिजर्व कर के गोपालगंज आ रहे थे। इसी बीच ऑटो जैसे ही नगर थाना क्षेत्र के बंजारी मोड़ के पास पहुंचा ही था की तभी ऑटो अनियंत्रित हो गई। जबतक ऑटो चालक ऑटो को कंट्रोल करता तब तक ऑटो सीधे सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जोरदार धक्का मार दिया। धक्का लगते ही पल भर में चिखपुकार मच गई। वही ऑटो में सवार महिला समेत पांच लोग जख्मी हो गए।जख्मी लोगो में जलालपुर गांव निवासी कन्हैया राय की पत्नी शोभा देवी,बालेश्वर सिंह की पत्नीसंध्या देवी,परशुराम सिंह की पत्नी संगीता देवी, बेटी मेहक कुमारी और संतमोहन राय की गर्भवती पत्नी बेबी देवी शामिल है।

## संक्षिप्त खबर

### 486 लीटर शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार स्कार्पियो तथा बाइक जब्त



**संवाददाता संतोष पाठक कुचायकोट।** पुलिस देर शाम थाना क्षेत्र के बलथरी मोड़ के पास शराब तस्करो के खिलाफ अभियान चलाकर 2695 पीस देशी व विदेशी शराब जब्त की। इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार करते हुए एक स्कॉर्पियो और एक बाइक जब्त कर ली। शराब स्कॉर्पियो में बने गुप्त बॉक्स में छुपा कर लाई जा रही थी । थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि एसपी स्वर्ण प्रभात की निर्देश पर कुचायकोट पुलिस की एक टीम थाना क्षेत्र की बलथरी मोड़ के पास वाहनों की सघन जांच अभियान चला रही थी। इस दौरान उत्तर प्रदेश के तरफ से आ रहे हैं एक स्कॉर्पियो और एक बाइक से 486 लीटर शराब जब्त की गई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार किए गए तस्कर कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी गांव निवासी रवीश कुमार, उचकागांव थाना क्षेत्र के खरहरवा गांव निवासी राकेश कुमार तथा उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला के तरेया सुजान थाना क्षेत्र के बघाचौर गांव निवासी गोरख सहनी शामिल है। पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार तीनों तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी कर उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।

### नीट पेपर लीक के दूसरे मुख्य आरोपी अमित आनंद का बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से क्या रिश्ता है : राष्ट्रीय जनता दल

**पटना (संवाददाता )।** क्या सम्राट चौधरी ने अमित आनंद को पेपर लीक करने/कराने के असाधारण कार्य के कारण ही अवॉर्ड देकर सम्मानित किया था? सम्राट चौधरी ने अमित आनंद के साथ अपनी तस्वीरों को सोशल मीडिया से डिलीट क्यों किया? अमित आनंद का बीजेपी सांसद और पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल से क्या रिश्ता है? अमित आनंद संजय जायसवाल का कार्यालय सँभालता है। अमित आनंद की इस विशेष उपलब्धि को उसके कॉलेज ने अपनी वेबसाइट पर दर्शा रखा है। संजय जायसवाल और सम्राट चौधरी पेपर लीक के सरगना अमित आनंद के साथ अपने रिश्तों को स्पष्ट करें? क्या अमित आनंद जदयू उपाध्यक्ष का सुपुत्र नहीं है? सत्ता संरक्षण में उसने इतने पेपर लीक किए और कराए लेकिन तभी उसे कभी सजा नहीं मिली।

### 131 वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**वाल्मीकिनगर- (संवाददाता)।** भारत नेपाल सीमा संगम तट पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 131 वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नेपाल से आए मुख्य अतिथि धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज, विशिष्ट अतिथि पुलिस अवर निरीक्षक हरिश्चंद्र, समाजसेवी संगीत आनंद, निमार्ता एचेल थारू, त्रिनीति फाउंडेशन के तापस टैगोर, यूट्यूबर जयदेव कुमार, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, अभिनेता सोनू चौधरी, कोषाध्यक्ष शिवचंद्र शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी एवं निमार्ता अरविंद अकेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ज्येष्ठ पूर्णिमा का संबंध भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी से होता है। इस पूर्णिमा तिथि में व्रत, स्नान - दान आदि करने से सभी दुख और कष्टों का नाश होता है। विशिष्ट अतिथि पु. अ. नि हरिश्चंद्र ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। वाल्मीकि नगर थाना के इंस्पेक्टर विजय प्रसाद राय के नेतृत्व में थाना परिसर में भी हम लोगों ने योग किया। नियमित योग करके हम निरोग रह सकते हैं। निमार्ता एचेल थारू ने स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा 6 नवंबर 2014 से निरंतर आयोजित नारायणी गंडकी महा आरती और वर्ष 2012 से आयोजित दैनिक चलंत दरिद्र नारायण भोज की भूरि भूरि प्रशंसा की।

इंजीनियर बबन पांडे द्वारा लिखित पुस्तक बिन पानी क्या जिंदगानी का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि लेखक कार्यपालक अभियंता बबन पांडे ने बड़ी सरलता और सहजता के साथ पानी की महत्ता बताई है ।जल ही जीवन है। गायक नंद महतो, राजा कुमार , मधु देवी एवम् गयिका हिरवंती देवी ने गंगा माता पर केंद्रित विभिन्न भजनों को प्रस्तुत किया। त्रिनीति फाउंडेशन के सदस्यों को आयोजन समिति द्वारा पौधा एवम् हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया गया। तापस टैगोर ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की दिशा में नारायणी गंडकी महा आरती के आयोजन को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की संज्ञा दी। अमेरिका वासी सत्संगी कृष्णा पांडे , इंजीनियर नीरज कुमार, पीडीएस के अध्यक्ष प्रमोद सिंह, फौजी विद्यासागर राणा आदि सक्रिय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया गया। संचालन संगीत आनंद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन निमार्ता एचेल थारू ने किया।

# 95 मवेशी सहित ट्रक जप्त, पांच तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव,थावे।** थावे पुलिस ने रात्रि गस्ती में मवेशी लदे एक ट्रक सहित पांच तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।बताया जाता है कि रात्रि गस्ती में बेदूटोला तिनमुहानी पर प्रशिक्षु दारोगा शशि सपना और पुलिस बल के द्वारा वाहन जांच की जा रही थी।उसी दौरान गोपालगंज के तरफ से एक ट्रक आया।जिसे पुलिस बल द्वारा रुकने का इशारा किया गया।लेकिन चालक लापरवाही से ट्रक तेज चलाते हुए जान मारने के नियत से चढ़ाने का कोशिश करते हुए तेजी से लेकर भागने लगा।पुलिस द्वारा पीछा करने पर थावे बस स्टैंड के पास खड़ा कर चालक एवं अन्य चार लोग भागने लगे।जिसे पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया।ट्रक की तलाशी लेने पर 95 मवेशी बरामद किए गए।मौके पर ट्रक को जप्त कर पांचो मवेशी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ के दौरान इन लोगो द्वारा बताया गया कि यूपी के फैजाबाद से मवेशी लादकर सीवान जिला के बड़हरिया ले जा रहे थे।इसके साथ ही इनलोगों के द्वारा बताया गया कि पुलिस से बचाने के लिए श्रीपुर थाना के पांडेय परसा गांव के अहमद राजा और चांद आलम तथा थावे थाना क्षेत्र के चितुटोला गांव के मनमोहन पांडेय द्वारा स्कोर्पियो से रेकी कर हमलोगों की गाड़ी पास कराता है। आज पुलिस की गाड़ी देखकर वे लोग आगे भाग गए और इशारा किया कि पुलिस अगर सामने आए तो रौद देना।जिसको लेकर थाने में गिरफ्तार तस्कर यूपी के मेरठ जिला के सरघना थाना के कमरूदीन मड़ियाई गांव के मोहमद एकबाल, गाजियाबाद जिला के लोनी लिठौड़ा के साहिल,सीवान जिला के बड़हरिया थाना के मिरसुरहिया गांव के शैलेन्द्र गिरी,गया जिला के मोहनपुर थाना के इटरा गांव के मोहमद सफीक अख्तर और मुजफ्फरपुर जिला के ब्रह्मपुरा थाना के मेहदी हसन चौक के मोहमद फिरोज बताए जाते है।इनलोगो से पूछताछ के बाद पांचो गिरफ्तार मवेशी तस्करो के विरुद्ध प्राथमिकी कर सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया।

# रुद्र महायज्ञ की निकाली गई कलश यात्रा एक हजार एक कन्याओं ने उठाया कलश



**संवाददाता सुदीश श्रीवास्तव मांझागढ़ /गोपालगज ।** सोमवार को पुरानी बाजार शिव मंदिर में होने वाले सप्त दिवसीय रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा निकाली गई जिसमें एक हजार एक कन्याओं ने कलश उठाया कलशयात्रा पुरानी बाजार शिव मंदिर से नई बाजार मांझागढ़ कर्णपुरा , वृति टोला लँगटु हाता होते हुए शिव मंदिर पहुचा जहाँ विधिपूर्ण यज्ञ की शुभारम्भ की गई स्थानीय प्रशासन के देख रेख में गाजे बाजे हाथी घोड़ा के साथ धूम धाम से निकाली गई कलश यात्रा में समीलित कन्याओं को पानी और सरबत पिलाने के लिए जगह जगह लोगो के द्वारा व्यवस्था की गई थी । लँगटु हाता में पूर्व सरपंच स्वर्गीय प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और पत्रकार सुदीश श्रीवास्तव सहित करीब दर्जनों स्थान पर लोग कन्याओं को सरबत और पानी पिलाकर कलश यात्रा में अपना योगदान कर अहम भूमिका निभा रहे थे । इस कलश यात्रा में हजारों ग्रामीण भी समीलित हुए यह यज्ञ सर्व प्रथम 2023 में कराया गया दूसरा यज्ञ 2024 में कराया जा रहा है। जिसमे अयोध्या और काशी से आये प्रवचन कताओं के द्वारा प्रवचन दिया जाएगा तथा राम लीला का भी आयोजन किया गया है यह यज्ञ सात दिनों तक चलेगा यह यज्ञ ग्रामीणों के सहयोग से कराया जा रहा है जिसका नेतृत्व मांझा पूर्वी के मुखिया दिलीप सोनी के द्वारा किया जा रहा है इस यज्ञ में मेला का आयोजन भी किया गया जिसमें लोगो के मनोरंज के लिए झूला लगया गया है वही समान खरीदारी के लिए मीना बाजार भी लगया गया है बताते चले कि आज से सैकड़ो वर्ष पूर्व मांझागढ़ राज के पटवारी देवकी लाल के द्वारा पुरानी बाजार शिव मंदिर को अपने निजी भूमि में स्थापित किया गया था जो वर्षों जर्जर हो गया था जिसका निर्माण ग्रामीणों के सहयोग से 2023 में कराकर रुद्र महायज्ञ कराया जा रहा है।

## भूमि विवाद में महिला सहित पांच लोग घायल

**संवाददाता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव,थावे।** थावे थाना क्षेत्र के अमैठी कला में भूमि विवाद में महिला सहित पांच लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया।घायलो का इलाज सदर अस्पताल में हुआ।यह घटना 21 जून की बताई जा रही है।जिसको लेकर सुगान्ति देवी के फर्द बयान पर थाने में सात लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है।सुगान्ति देवी ने फर्द बयान में आरोप लगाया है कि पूर्व से जमीनी विवाद को लेकर जमीन की मापी की जा रही थी।मापी के बाद गांव के ही हरेन्द्र राम सहित अन्य लोग आकर गाली गलौच करते हुए मुझे और मेरे पति झूलन राम को मारपीट कर घायल कर दिए।हल्ला सुनकर बचाने आए मेरे ससुर जतन राम,दामाद योगेन्द्र राम और मेरा लड़का मंटू कुमार को भी मारपीट कर घायल कर दिए।जिसको लेकर सुगान्ति देवी के फर्द बयान पर थाने में हरेन्द्र राम,नागेन्द्र राम,सूरज राम, राकेश राम,वीरेश राम,रागिनी कुमारी व सुनीता देवी सहित सात लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है।पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## हाथी घोड़े व गाजे बाजे के साथ निकला कलश यात्रा



**संवाददाता मांझागढ़ प्रभात तिवारी/मांझागढ़।** मांझागढ़ प्रखंड के मांझा पूर्वी पंचायत के पुरानी बाजार के श्री खंडेश्वर सह श्री मनोकामेशवर महादेव मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सप्त दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर सोमवार को 21 सौ कन्याओं ने गाजे बाजे व हाथी घोड़े के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। क्लश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई जो मांझा बाजार में जल भरकर मांझा बाजार, कर्णपुरा , वृटिटोला, पुरानी बाजार, शेख टोली, लंगटूहाता गांव होते हुए मंदिर परिसर पहुंची।जहां पर साधू संतो के मंत्रोच्चारण व भक्तिमय माहौल में पूजा शुरू हुआ।कलश यात्रा हाथी घोड़े व गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय थानाध्यक्ष संग्राम सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल को तैनात किया गया था।कलश यात्रा में यज्ञ संचालक व मुखिया दीलिप कुमार सोनी,जदयू के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल,राजद नेता सुनील कुमार बारी, जदयू नेता अमरेंद्र कुमार बारी,पूर्व मुखिया अवधेश प्रसाद, अशोक कुमार पटेल।

## चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**संवाददाता राघवेंद्र साहा सिधवलिया।** सिधवलिया थाने की पुलिस ने सिधवलिया थानाक्षेत्र के दो विभिन्न जगहों से चोरी की दो बाइकों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया ' गिरफ्तार आरोपियों में सिधवलिया के मंजूर आलम,महम्मदपुर थानाक्षेत्र के हकाम के अकबर अली तथा सिवान जिले के बरहरिया थानाक्षेत्र के साफी गांव के विनोद कुमार है ' तीनो से पूछताछ के बाद पुलिस ने न्यायालय मे भेज दिया ' दरोगा सतिभा कुमारी ने बताया कि सोमवार को थाने क्षेत्र के गंगवा पुल पर वाहन जांच किया जा रहा था कि पुलिस की गाड़ी देख एक बाइक सवार बाइक घुमाकर भागने लगा ' भागते बाइक सवार को पुलिस पीछा कर बाइक को रोका और जांच किया तो चोरी की बाइक निकली ' बाइक सवार को गिरफ्तार कर बाइक थाने लाई ' वहीं,थाने क्षेत्र के शेर-खजूरिया पथ स्थित ढेलही माई के पास वाहन जाँच के दौरान भी एक चोरी की बाइक के साथ दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बाइक थाना लाई ' पुलिस ने तीनो गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी कर न्यायालय मे भेज दिया।

## थावे और जादोपुर से दो बाल श्रमिक हुए विमुक्त

**संवाददाता नगर गोपालगंज अनिकेत मिश्रा।** गोपालगंज श्रम विभाग के द्वारा बाल श्रमिक को लेकर अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अब तक सात बाल श्रमिक अलग-अलग जगह से विमुक्त कराए गए हैं। और बाल श्रम करवाने वालों पर मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को थावे में एक मिठाई की दुकान से बाल श्रमिक को विमुक्त करवाया गया तथा जादोपुर बाजार से भी एक मिठाई की दुकान से बाल श्रमिक को विमुक्त करवाया गया और इन दुकानदारों पर मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। श्रम विभाग की एक टीम लगातार जिले में अभियान चला रही है कहीं भी बाल मजदूरी करवाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है जिसमें अब तक सात बाल मजदूरों को मुक्त करवाया गया है।

## बाइक की आपसी टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता संतोष पाठक कुचायकोट।** कुचायकोट थाना क्षेत्र के करमैनी मोड़ के पास एक बाइक सवार ने दूसरे बाइक में टक्कर मार दी ।इस घटना में एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य कुचायकोट में भर्ती कराया गया है । जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।मिलीं जानकारी के अनुसार करमैनी मोहब्बत गांव निवासी दिनेश सिंह और इंदु देवी बाइक से कुचायकोट से वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान करमैनी मोड़ के पास एक दूसरे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिर दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य कुचायकोट पहुंचाया जहां उनका चिकित्सकों द्वारा किया गया ।

## मारपीट मामले में दो लोग गिरफ्तार

**संवाददाता मांझागढ़ प्रभात तिवारी।** मांझागढ़ थाना क्षेत्र के मुजौना गांव में पुलिस ने छापेमारी कर मारपीट मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि सोमवार को पुलिस ने मुजौना गांव में छापेमारी कर मारपीट मामले में नामजद आरोपित इसी गांव के कपिल देव प्रसाद एवं रामप्रवेश प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित को पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायलय को सुपुर्द कर दिया।

## पैसा मांगने पर महिला के साथ किया मारपीट

**संवाददाता मांझागढ़ प्रभात तिवारी।** मांझागढ़ थाना क्षेत्र के छवही खास गांव में गिटी गिराने के लिए दिये हुए पैसा मांगने पर महिला के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। बताया जाता है कि मांझागढ थाना क्षेत्र के छवही खास गांव के महिला हेवंती देवी ने आरोप लगाई है कि वह इसी गांव के सोनू मिश्र को 1 लाख दस हजार रुपए गिट्टी गिराने के लिए दिये थे। गिट्टी नहीं गिराने पर महिला ने जब अपनी पैसों की मांग करने लगी तो उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। तथा उसके गले से सोने की चैन छिन लिया ।इस मामले को लेकर महिला ने मांझागढ़ थाने में सोनू मिश्र,सिनू मिश्र,अनूज मिश्र,अभिषेक मिश्र, अशोक मिश्र के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## लालू - नीतीश ने पिछड़ों को अशिक्षित रखा और समाज को बांटने की राजनीति की -प्रशांत किशोर




**पटना ( संवाददाता)।** जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने लालू यादव और नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा है कि बिहार में इन्हीं दो लोगों ने पिछले बत्तीस वर्षों से शासन चलाते रहे हैं । इन दोनों नेताओं ने समाज को जातियों में बांटने, सबको गरीब, अनपढ़, मजदूर बनाए रखने का काम किया। उक्त जानकारी देते हुए जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने बताया कि प्रशांत किशोर ने स्पष्ट कहा है कि सबको समाजवाद-समतामूलक बात करके सामाजिक न्याय के नाम पर बेवकूफ बनाकर इन नेताओं द्वारा वोट लिया जाता रहा । प्रशांत किशोर ने कहा कि कभी किसी ने लालू जी से ये सवाल नहीं पूछा कि जैसा आपका दावा है कि आपने राज्य में, अपने शासन काल में अपनी राजनीति से, सोंच से गरीबों को वंचितों को, पिछड़ों को आवाज दी। लेकिन, लालू जी ने जिन वर्गों को आवाज दी उनको शिक्षा क्यों नहीं दी? उनको रोजगार क्यों नहीं दिया? उनको जमीन क्यों नहीं दी? वो इसलिए नहीं दिया क्योंकि आवाज देने से वो उनके लिए जिंदगी भर नारा लगाएगा और उनका झंडा लेकर घूमेगा। अगर, उन्हीं वर्गों को उन्होंने शिक्षित कर दिया होता, उन्हीं वर्गों को उन्होंने पूंजी-पैसा देकर रोजगार दे दिया होता, उन्हीं वर्गों को उन्होंने जमीन दे दी होती तो आज वे उनका झंडा लेकर नहीं घूमते। ये राजनीति है यहां पर। जिसके तहत पूरे बिहार को अनपढ़-मजदूर बना दिया गया। ताकि आपको अगर 400 रुपए पेंशन भी मिल रहा है तो आपके नेता आपके लिए सबकुछ हैं। आज के जमाने में 400 रुपए पेंशन पाने वाले लोग भी इस बात पर वोट कर रहे हैं कि सरकार 400 रुपए दे रही है। यही स्थिति नीतीश कुमार की सरकार में भी रही। बची खुची शिक्षा व्यवस्था को भाजपा - जदयू की नीतीश कुमार नीति सरकार ने पूरी तरह चौपट कर दिया।? गरीबों को न तो शिक्षित बनाया और ना ही उन्हें पूंजी देकर रोजगार उपलब्ध कराया।? समाज को जातियों में बांट कर अपनी राजनीति की। उन्होंने कहा कि जनता अगले विधानसभा चुनाव में इन दोनों गठबंधनों को धूल चटाएंगी और जन सुराज की सरकार बनाएगी।

नव शक्ति समाचार पत्र मैं प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की किया घोषणा

**रांची (संवाददाता)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी की आगामी कार्यक्रमों की घोषणा किया। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कई प्रकार की कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गाँधी संविधान की कॉपी लेकर देश भर में घूम घूम कर भ्रम फैला रहे थे कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो संविधान और आरक्षण समाप्त कर देंगे। लेकिन देशवासी को स्मरण है कि जो संविधान और आरक्षण बचाने की गारंटी दे रहे थे उनके ही दादी इंदिरा गांधी ने देश भर में आपातकाल लगा कर संविधान को कुचल दी थी। आपातकाल के समय मीडिया पर प्रतिबंध लगाया था, किसी भी नागरिक की स्वतंत्रता नही थी। जो भी नेता विरोध में आवाज उठाते थे उनको जेल में डाल देते है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मोदी जी के बारे में बोलने से पहले उन्हें अपने दादी इंदिरा गाँधी के विरुद्ध बोलना चाहिए। 25 जून को पार्टी द्वारा देश भर में आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाई जाएगी। कहा कि पार्टी द्वारा प्रदेश भर में काला दिवस मनायेगी। इसको लेकर कार्यक्रम प्रभारियों बनाए गए है। इसमे प्रदीप वर्मा, गुरविंदर सिंह सेठी, प्रेम मित्तल, प्रदीप सिन्हा, दीनदयाल वर्णवाल, डॉ राजश्री जयंती शामिल है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की कार्यक्रम की तीसरी कार्यकाल की यह पहली मन की बात कार्यक्रम 30 जून को निर्धारित है। पार्टी द्वारा सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम किया जाएगा। इसके लिए कमिटी बनाई गई है जिसमे प्रदीप वर्मा, सरोज सिंह, कुमार अमित, सुमन कुमार को शामिल किया गया है। कहा कि 30 जून को हूल दिवस कार्यक्रम को भी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर मनायेगी। कार्यकर्ता द्वारा सिद्धो-कान्हो, चाँद-भैरव, फूलों- झानो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करें उन्हें याद करेगी। कहा कि पार्टी ने 23 जून डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। पार्टी द्वारा 23 जून पुण्यतिथि से लेकर 6 जुलाई जन्मतिथि तक पार्टी ने तय किया है कि हर इकाई पर जनता और पार्टी के कार्यकर्ता को प्रेरित करने के उद्देश्य से तय की गई है। इसके लिए कमिटी बनाई गई है जिसमें मनोज सिंह, सुनीता सिंह, विनय जयसवाल, मुनेश्वर साहू शामिल है। कहा कि पार्टी द्वारा 23 जून से 6 जुलाई तक ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ कार्यक्रम करेगी। पार्टी




कार्यकर्ता अपने-अपने माँ के नाम एक पेड़ लगाएंगे। इसके लिए सांसद आदित्य साहू, राकेश भास्कर, सत्यदेव मुंडा को जिम्मेवारी दी गई है। कहा कि 5 जून पर्यावरण दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वाहन किया था कि एक पेड़ अपने माँ के नाम पर लगाना चाहिए। कहा कि इसके पीछे कारण है कि जिस प्रकार से देश एवं दुनिया का तापमान धीरे धीरे बढ़ रहा है, पूरी दुनिया इससे चिंतित है। देशवासी द्वारा अधिक से अधिक पेड़ लगाने से हरियाली आ सकती है एवं तापमान में संतुलन बनाए जा सकता है। कहा कि 6 से 15 जुलाई के बीच अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम किया जाएगा। कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को 81 लाख लगभग वोट प्राप्त हुए। राज्य की जनता ने 9 लोकसभा सीट पर भाजपा को जीत दिलाया। राज्य की एक बहुत बड़ी आबादी ने पार्टी का साथ दिया। इसलिए पार्टी ने विधानसभा स्तर पर बड़े-बड़े कार्यकम आयोजित कर उस क्षेत्र की जनता एवं कार्यकताओं का अभिनंदन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पार्टी के नेता, सांसद, विधायक सभी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी संकल्प लेना है। इसके लिए विधायक भानु प्रताप शाही, अशोक शर्मा, नवीन जयसवाल, समीर उराँव, बिरंची नारायण, अपर्णा सेन गुप्ता, अनंत ओझा, डॉ लुईस मराण्डी, गीता कोड़ा और दिनेश कुमार को जिम्मेवारी दी गई है। बताया कि 20 जुलाई को विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें मंडल स्तर के कार्यसमिति, जिला कार्यसमिति एवं प्रदेश कार्यसमिति तक के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। यह कार्यक्रम संभवतः मोरहाबादी मैदान में आयोजित की जायेगी। बताया कि विधानसभा चुनाव में 3 महीना का समय बचा है, इसके लिए पार्टी ने राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र बनाने के लिए ₹आरोप पत्र समिति₹ का गठन किया गया है। बताया कि विधानसभा चुनाव हेतु पार्टी का घोषणा पत्र बनाने के लिए घोषणा पत्र समिति का गठन किया गया है। इसके लिए बाबूलाल मराण्डी, अर्जुन मुंडा, अमर कुमार बाउरी, अन्नपूर्णा देवी, नवीन जयसवाल, अन्नत ओझा, भानु प्रताप शाही, गीता कोड़ा, बीडी राम, संजय सेठ को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होने बताया कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण समिति के बैठक 29 जून को सुनिश्चित की गई है। इसमे राकेश प्रसाद, नंददी प्रसाद, चंद्र प्रकाश , कर्नल संजय सिंह, कर्नल बीके सिंह, बलराम दुबे, बबलू मंडल को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान कई प्रमुख नेताओं का कार्यक्रम होता है इसके लिए उनके भाषण के बिंदु तैयार करने के लिए टॉयरो बैठक 29 जून को रखी गई है। इसमें योगेंद्र प्रताप सिंह, समीर उराँव, रविनाथ किशोर जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा के कार्यक्रम हेतु महिला मोर्चा कार्यक्रम समिति का गठन किया गया है जिसकी बैठक 29 जून को होगी। इसमे आरती सिंह, आरती कुजूर, सुनीता सिंह, पिंकी मंडल, गीता बुलमुचु, बारी मुर्मू, रितिका मुखी, डॉ सुनीता देवदूत सोरेन को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया की युवा मोर्चा के विभिन्न कार्यक्रम हेतु युवा मोर्चा कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है जिसकी बैठक 28 जून को होगी।

## एनडीए सरकार न किसी को बचाती है, न फंसाती है

**पटना, ( संवाददाता)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि राजद के ज्यादा काबिल नेता पार्टी के लिए मुसीबत बन गये हैं। मनोज झा तो काबिलियत की सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। वे हर तरफ अपने ज्ञान का आतंक फैला रहे हैं। श्री मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मनोज झा अपने झूठे बयान से जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, बिहार और देश की जनता मनोज झा के झूठ से भ्रमित नहीं होगी। राजद शासनकाल में मनोज झा के वर्तमान आका भले ही अपराधियों के मुंह देखकर कार्रवाई करते थे। लेकिन, एनडीए की सुशासन की सरकार न किसी को बचाती है और न ही फंसाती है। नीट पेपर लीक मामले में जो भी दोषी होगा, वह जेल की हवा खायेगा। संजीव मुखिया हो या फिर जंगल राज के युवराज का पीएस , मामले में अगर दोषी पाया जायेगा, तो उसे कोई नहीं बचा सकता। श्री मिश्र ने कहा कि असल में राजद के लिए मनोज झा जैसे काबिल लोग संकट का कारण बन गये हैं, कभी ठाकुर के कुएं से पानी पीकर राजद के लिए मुसीबत खड़ी कर देते हैं, तो कभी किसी और मसले पर गैर जिम्मेदाराना बयान देकर। ये लोग राजद की लुटिया डुबोकर ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि अपराधियों के तार मनचाहा राजनीतक दलों के साथ जोड़कर उसपर सजा तय करना राजद और कांग्रेस सरकारों की फितरत रही है। एनडीए सरकार के लिए अपराधी सिर्फ अपराधी होता है, चाहे उसका संबंध किसी राजनीतिक दल से हो, या नहीं।

## कन्हाई सिंह अपने समर्थकों के साथ आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में



**लातेहार (संवाददाता)।** लातेहार बरवाडीह के जिला परिषद सदस्य एवं संयुक्त ग्राम सभा मंच के संयोजक कन्हाई सिंह अपने समर्थकों के साथ आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी का पटका एवं माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों में किये गए ऐतिहासिक कार्यों एवं विचार से प्रभावित होकर लोग अन्य दलों को छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे है।

## जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को योजना में प्रगति का अनुश्रवण करने का निदेश दिया



**पटना (संवाददाता)।** जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक द्वारा मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई । उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। सभी संबंधित अधिकारी विशेष अभिरूचि लेकर इसका सफल एवं ससमय क्रियान्वयन करें। सभी अंचल अधिकारियों को नलकूप के अधिष्ठापन हेतु भू-धारकता प्रमाण पत्र (एलपीसी) एवं जाति-प्रमाण पत्र कैम्प मोड में निर्गत करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता को निदेश दिया कि मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के आवेदकों का भू-धारकता प्रमाण पत्र (एलपीसी) एवं जाति-प्रमाण पत्र से संबंधित मामलों को शिविरों के माध्यम से निष्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को योजना में प्रगति का अनुश्रवण करने का निदेश दिया।

## महंगाई चरम पर,आम जनता महंगाई से कराह रही है : राजद

**पटना।** राजद प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि केंद्र में एनडीए की सरकार बनते ही फिर से महंगाई उफान पर है चाहे आटा,दाल हो दूध, फल,सब्जी हो खाद्य तेल हो या रोजमर्रा की अन्य जरूरतें की चीजों की बात कर ले भारी मूल्य वृद्धि हुई है जिसका सीधा प्रभाव आम आवाम पर पड़ा है। कमर तोड़ महंगाई से लोगों का जीवन मुश्किल हो रखा है। वहीं महंगाई से किचन का बजट बिगड़ गया है। यूपीए सरकार में मामूली मूल्य वृद्धि होने पर यही भाजपा के लोग सड़कों पर सिलेंडर और गले में सब्जियों की माला पहन कर धरना देते थे लेकिन आज आटा, चावल,दाल, फल,सब्जी, दूध सहित अन्य वस्तुओं में भारी मूल्य वृद्धि होने के बाद भी एनडीए के लोगों के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है, और बढ़ती महंगाई पर चुप्पी साधे हुए हैं। देश की और राज्य की जनता इन सब चीजों को समझ रही है आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता माकूल जवाब देने का काम करेगी।

## 52 सीटों पर चुनाव में पिछड़ने के बाद इंडी गठबंधन बदहवास : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद इंडी गठबंधन बदहवास है।प्रतुल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के नंबर वन और नंबर 2 पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूर्व संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम दोनों जेल में बंद है। हेमंत सोरेन पर आदिवासी की जमीन हड़पने का आरोप लगा है और आलमगीर आलम पर 3000 करोड रुपए के टेंडर कमीशन घोटाले का आरोप लगा है। प्रतुल ने कहा हेमंत सोरेन पार्ट वन में 70,000 करोड़ के घपले घोटाले का आरोप लगा था। हेमंत सोरेन पार्ट 2 सरकार में भी घोटाला संस्थागत रूप ले चुका है। प्रतुल ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनाव के परिणाम से बदहवास हो गई है। 52 सीटों पर एनडीए गठबंधन आगे था और कभी 48 सीटों पर काबिज सत्ताधारी गठबंधन सिर्फ 29 सीटों पर सिमट गया है। वह भी तब जब इन्होंने चुनाव पूर्णता स्थानीय मुद्दों पर लड़ा था। प्रतुल ने कहा कि भ्रष्टाचार का इस राज्य सरकार में ये आलम है कि जिस शाख पर देखें भ्रष्टाचारी ही बैठा है।कई पूर्व आईएएस और बड़े अधिकारी जो सरकार के चहते हुआ करते थे, वह जेल में बंद है। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यह सरकार अब अपनी राजनीतिक मृत्यु शैय्या पर ऐसे बड़े-बड़े घोषणा कर रही है जिसका डीपीआर भी बनना संभव नहीं है। मूर्त रूप तो लेने की बात बहुत दूर की कौड़ी हो गई।

## सहजानंद के पुण्यतिथि के अवसर पर स्मारिका का होगा लोकार्पण: रविंद्र रंजन

- नेताजी सुभाष चंद्र बोस के मार्गदर्शक थे सहजानंद: रविंद्र रंजन
- सहजानंद के पुण्यतिथि के अवसर पर बड़ी संख्या में होगा किसानों का जुटान: रविन्द्र रंजन



**पटना।** महान किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती के पुण्यतिथि के अवसर पटना के बीआईए सभागार में 26 जून को स्वामी सहजानंद किसान वाहिनी के तत्वाधान में आयोजित होने वाले समारोह में सहजानंद के जीवनी के ऊपर स्मारिका का लोकार्पण किया जाएगा। स्मारिका में सहजानंद के जीवन तथा कर्मों पर आधारित आलेख सारगर्भित होगा। इन आलेखों के लेखक देश के नामचीन इतिहासकार, विद्वान, किसान नेता तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध जन हैं।

स्वामी सहजानंद किसान वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी बिहार भाजपा रविंद्र रंजन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि स्वामी सहजानंद के पुण्यतिथि के अवसर पर स्मारिका का लगातार सातवां अंक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा लोकार्पित होगा। स्मारिका का उद्देश्य देश देशभर में सहजानंद के विचारों को प्रचारित और प्रसारित करना है। सहजानंद पांच हजार वर्षों के कृषक इतिहास के पहले नेतृत्वकर्ता व संगठनकर्ता करता थे। सहजानंद नेताजी सुभाष चंद्र बोस के मार्गदर्शक भी थे। सुभाष चंद्र बोष ने सहजानन्द को आधुनिक भारत का ह्ययुग पुरुषह्य माना है।

रविंद्र रंजन ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती के पुण्यतिथि के अवसर पर बड़ी संख्या में प्रदेश के किसानों का जुटान होगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को स्वामी सहजानंद सरस्वती सम्मान से सम्मानित भी किया जाएगा।

## नाईट ब्लड सर्वे को लेकर प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मी किये गए प्रशिक्षित

**पटना।** जिला मलेरिया कार्यालय में आज नाईट ब्लड सर्वे को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में 11 प्रखंडों के सीएचओ, बीएचएम एवं ए एन एम को प्रशिक्षण दिया गया. कार्यशाला में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई. उन्होंने कहा की जिला में 1 से 8 जुलाई तक नाईट ब्लड सर्वे का संचालन कर रक्त के नमूने इकठ्ठा किये जायेंगे. कार्यशाला में जिला मलेरिया कार्यालय से पंकज कुमार, कल्याणी कुमारी के साथ सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे.



**28 जून तक माइक्रोप्लान भेजें सभी:** डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने शामिल प्रशिक्षुओं से कहा कि 28 जून तक सभी माइक्रोप्लान बनाकर जिला मलेरिया कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने नाईट ब्लड सर्वे की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की बात भी कही. उन्होंने कहा कि सर्वे के उपरांत 14 जुलाई तक सभी प्रखंड निष्ट ब्लड सर्वे की रिपोर्ट जिला मलेरिया कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे.

**एमडीए अभियान से पूर्व नाइट ब्लड सर्वे जरूरी:** 10 अगस्त से जिले में सर्वजन दवा सेवन अभियान की शुरूआत होनी है लेकिन इसके पूर्व नाइट ब्लड सर्वे कराया जाता है ताकि जिले में माइक्रोफाइलेरिया दर का पता लगाया जा सके. जिस गांव में एक या एक प्रतिशत से अधिक माइक्रोफाइलेरिया दर पाया जाता है तो वहां एमडीए अभियान चलाया जाएगा और जहां एक प्रतिशत से कम माइक्रोफाइलेरिया दर पाया गया तो वहां एमडीए अभियान नहीं चलाया जाएगा. दो साईट एक सेंटिनल एवं एक रैंडम साईट चयनित किये जायेंगे. प्रत्येक साईट से 300 लोगों का ब्लड जांच करना है और जांच में आए रिपोर्ट के अनुसार एमडीए अभियान चलाना है.

## देश में शैक्षणिक आपातकाल लगा हुआ है : कांग्रेस

**रांची।** देश में शैक्षणिक आपातकाल लगा हुआ है,भाजपा संविधान के धज्जियां उड़ाने में लगी है और बाबूलाल मरांडी कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं।

उक्त बयान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बाबूलाल मरांडी द्वारा कांग्रेस और राहुल गांधी पर लगाए गए आरोपों के जवाब में जारी करते हुए कहा कि देश की जनता ने संविधान की रक्षा के नाम पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को वोट दिया है और इसमें कांग्रेस कभी पीछे नहीं रहेगी।

देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का दायित्व भरोसा करके जनता ने हम पर पर सौंपा है, उनके भरोसे को कायम रखने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में संघर्ष सदन के अंदर से सदन के बाहर तक जारी है।

लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर पद पर वरीय सांसद की नियुक्ति न कर मोदी जी ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। बाबूलाल मरांडी को इस मामले में थोड़ा ज्ञान प्रधानमंत्री को भी देना चाहिए। लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई राज्य सरकारों को खरीद- फरोख्त के माध्यम से बदलने वाली भाजपा के नेता अपना गिरेबान बचाने के लिए कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश अभी इमरजेंसी के हालात से गुजर रहा है फर्क यह है की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। जांच एजेंसियों का सहारा लेकर विपक्ष के नेताओं को जेल भेजने का काम लगातार जारी है, परीक्षाएं रद्द हो रही हैं, देश मे पेपर लिक श्रृंखलाबद्ध चरणों में जारी है इसे लेकर छात्र सड़कों पर हैं,युवा रोजगार के लिए सड़कों पर हैं, महिलाएं न्याय के लिए सड़कों पर है किसान न्याय के लिए आंदोलन कर रहे हैं यही वजह है कि जनता ने भाजपा को बहुमत नहीं दिया। झारखंड में होने वाले चुनाव में भी भाजपा औंधे मुंह गिरेगी क्योंकि बाबूलाल मरांडी विफल नेतृत्व का रिकॉर्ड बना चुके हैं।

## रोटरी गवर्नर ने मनोज कुमार को मंडल 3250 के असाधरण अध्यक्ष अवार्ड से नवाजा



**पटना।** जमशेदपुर के होटल क्रूज परिसर में आयोजित रोटरी मंडल 3250, बिहार - झारखंड के वार्षिक अवार्ड उत्सव के दौरान रोटरी पटना सिटी सम्राट को आउटस्टैंडिंग क्लब और अध्यक्ष मनोज कुमार को आउटस्टैंडिंग क्लब अध्यक्ष के बड़े अवार्ड से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त रोटरी सम्राट ने सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अपने असधारण सेवाओं के लिए दर्जनों अवार्ड झटके। रोटरी मंडल ३२५० के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने से बिहार - झारखंड मंडल ३२५० के हजारों सदस्यों की संख्या से भरे सभागार में अध्यक्ष मनोज कुमार, चार्टर अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार तथा सक्रिय सदस्य नितिन मुकेश को मंच पर बुलाकर क्लब का अवार्ड सुपुर्द किया। उन्होंने कहा कि रोटरी पटना सिटी सम्राट बिहार -झारखंड के सबसे मजबूत क्लबों की श्रेणी में आता है। स्वास्थ्य, शिक्षा सशक्तिकरण, बालिका सशक्तिकरण, पानी संचयन, पेय जल आदि के क्षेत्र में जरूरतमंद मानवता की अच्छी सेवा कर रहा है। अध्यक्ष मनोज कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि - कल २५, जून को रोटरी पटना सिटी सम्राट पटना सिटी के होटल मोतीमहल डीलक्स परिसर में अपना पंद्रहवां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस दौरान रोटरी सम्राट के सदस्यों को अव्वल दर्जे की समाजसेवा के लिए पुरुस्कृत करने के साथ साथ मंडलाध्यक्ष की ओर से रोटरी सम्राट को दिए गए पुरुस्कारों को भी प्रदर्शित किया जायेगा।

## आगामी 29 को कृष्ण मेमोरियल में सम्मान समारोह को लेकर लोजपा रामविलास ने किया बैठक



**दानापुर।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का पटना जिला जिलाध्यक्ष चंदन यादव के अध्यक्षता मे दाउदपुर में अपने जिला कमीटी एवं प्रखंड कमीटी के साथ बैठक किया गया बैठक आगामी 29 को कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में लोजपा रा के सभी नवनिर्वाचित सांसद एवं भारत सरकार के नवनिर्वाचित मंत्री चिराग पासवान जी के द्वारा कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम को लेकर किया गया जिला अध्यक्ष चंदन यादव ने कहा कि आयोजन में सभी कार्यकर्ता गण को सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक में जिला एवं प्रखंड कमीटी में राजू यादव, सिकंदर मेहता , संजय यादव, अंजनी कश्यप, रोहित कुमार ,संजीव कुमार ,राजू कुमार, दिलीप पासवान एवं प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार राम सुजीत पासवान सुचीत पासवान उपस्थित हुए ।

# अदाणी पावर के कर्मचारियों ने किया 300 यूनिट रक्तदान

- चेयरमैन गौतम अदाणी के 62वें जन्मदिन पर मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन
- 251 छायादार वृक्ष लगाकर स्कूली बच्चों ने मनाया गौतम अदाणी का जन्मदिन

मनोज कुमारसाह

**गोड्डा।** हर साल की भांति इस साल भी अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिन में अदाणी फाउण्डेशन के तहत कर्मचारियों और समूह से जुड़े कर्मचारियों और लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान में हिस्सा लिया। इस शिविर में अदाणी पावर के कर्मचारियों और अन्य स्टाफ ने मिलकर 300 से अधिक यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन पावर प्लांट के स्टेशन हेड रमेश झा, ऑपरेशन हेड प्रसून चक्रवर्ती और पावर प्लांट के डॉक्टर धर्मेन्द्र चौधरी की मौजबदगी में गोड्डा सदर अदर अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर तारा शंकर झा के हाथों फीता काट कर किया गया. रक्तदाताओं को अदाणी फाउंडेशन की तरफ से प्रमाण पत्र व कैप देकर आभार व्यक्त किया गया। रक्तदान शिविर के आयोजन में सदर अस्पताल व गोड्डा हॉस्पीटल, गोड्डा की टेक्निकल टीम का सहयोग सराहनीय रहा।



रक्तदान शिविर के अलावा कई कार्यक्रमों की शृंखलाबद्ध आयोजन किया गया। जिसमें प्लांट परिसर के अंदर पावर प्लांट के कर्मचारियों ने 200 से अधिक फलदार वृक्षों का पौधारोपण का साथ ही आस-पास के गांवों के 300 से अधिक बच्चों ने वृक्षारोपण अभियान में भाग लेकर गौतम अदाणी का 62वां जन्मदिन मनाया। पावर प्लांट के निकट स्थित बक्सरा हाई स्कूल परिसर बच्चो ने 251 छायादार वृक्ष का पौधारोपण किया गया। विद्यालय परिसर में पावर प्लांट के स्टेशन हेड रमेश झा, ऑपरेशन हेड प्रसून चक्रवर्ती भी मौजूद थे और उन्होंने भी विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों व अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने बच्चों को न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया बल्कि बच्चों को अपने लगाए पेड़ों की देखभाल करने की शपथ भी दिलायी। अदाणी फाउंडेशन और अदाणी पावर के संयुक्त प्रयास से आयोजित रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण अभियान ने न केवल गौतम अडानी का जन्मदिन को यादगार बनाया, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।